**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 01 नवंबर 2024, समय 1810 (10 मिनट)**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के स्थापना दिवस पर कहा है कि स्म्रद्ध व ऐतिहासिक विरासत वाले हरियाणा ने देश के विकास में विशेष योगदान दिया है।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएँ दी।
- श्री सैनी ने हरियाणा वासियों से हरियाणा को नवीन तकनीक व प्रौद्योगिकी से युक्त दुनिया का सर्वाधिक विकसित प्रदेश बनाने की दिशा में योगदान देने की अपील की।
- हरियाणा के ऊर्जा,परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अंबाला में लोकल बस सेवा का शुभारम्भ किया।
- हरियाणा पुलिस की राज्य अपराध शाखा ने फ़र्ज़ी कंपनियाँ बनाकर विदेशों में अवैध तरीके से काला धन भेजने के संगठित अपराध का पर्दाफाश किया।

***************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कर्नाटक, केरल, छत्तीसगढ, हरियाणा और मध्य प्रदेश के लोगों को उनके राज्यों के स्थापना दिवस पर बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने इन राज्यों के लोगों की प्रसन्नता और सफलता के लिए कामना की है। हरियाणा का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत वाले हरियाणा ने देश के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

***************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज हरियाणा दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी । उन्होंने दिवाली से जुड़े त्योहारों की बधाई भी दी।

एक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि पहली नवंबर, 1966 को जब हरियाणा अलग राज्य बना था तो उस समय संसाधन सीमित थे, आज हरियाणा विकास के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। चाहे प्रदेश की आर्थिक स्थिति हो, औद्योगिक प्रगति हो या फिर समाज को सेवाएं देने की बात हो, हरियाणा ने हर क्षेत्र में बुलंदियों को छुआ है। उन्होंने कहा कि हरियाणा इसी तरह विकास और उन्नति के पथ पर बिना रुके आगे बढ़ता रहेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की यात्रा में हरियाणा अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने हरियाणा वासियों से अपील की है कि वे हरियाणा को

नवीन तकनीक व प्रौद्योगिकी से युक्त दुनिया का सर्वाधिक विकसित प्रदेश बनाने की दिशा में अपना योगदान दें ताकि प्रदेश और अधिक खुशहाल और समृद्ध बने।

**********************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने गुरुवार को हरियाणा दिवस के अवसर पर हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति और उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए हरियाणा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में, राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने कृषि, खेल, शिक्षा और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में हरियाणा की जबरदस्त प्रगति की सराहना की और इस प्रगति का श्रेय हरियाणा के लोगों की कड़ी मेहनत को दिया। राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने राज्य की प्रगति और विकास के साथ प्रत्येक हरियाणा वासी की खुशी, समृद्धि और सफलता की भी कामना की।

**********************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज हरियाणा दिवस पर अम्बाला में लोकल बस सेवा का शुभारंभ किया। जिससे अंबाला छावनी व अंबाला शहर के लाखों लोगों को सुविधा होगी। विभिन्न रूटों पर चार मिनी बसों को झंडी दिखाकर रवाना करते समय उन्होंने प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की बधाई भी दी।श्री विज ने कहा कि लोगों से सुझाव मिलने पर बस के रूटों में और सुधार लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकल बस सेवा की सफलता के बाद नागरिकों को इलेक्ट्रिक बस सेवा की सुविधा भी मुहैया करवाई जाएगी। जिससे प्रदूषण भी नहीं होगा। इन बसों से अम्बाला शहर से बोह-बब्याल, लघु सचिवालय, अम्बाला छावनी ,टांगरी बांध, कलरहेड़ी, तोपखाना, डिफेन्स कॉलोनी जाने वाले अंबाला वासियों को लाभ होगा। बस सेवा हर घंटे के बाद मिलेगी और 10 रुपए से लेकर 25 रुपए के किराये में लोग अपना सफर तय कर पाएंगें। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इन रूटों पर विदेशों की तर्ज पर बस स्टैंड व बस शैल्टर भी बनाए जाएगें।

**********************************************************************

भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1990 बैच के वरिष्ठ अधिकारी अनुराग रस्तोगी ने आज हरियाणा के नये मुख्य सचिव के तौर पर पदभार ग्रहण किया। श्री रस्तोगी सरकार द्वारा हरियाणा के मुख्य सचिव नियुक्त किए गए विवेक जोशी के पदभार ग्रहण करने तक हरियाणा के मुख्य सचिव रहेंगे ।उल्लेखनीय है कि सरकार ने कल शाम आदेश जारी कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के अधिकारी विवेक जोशी को हरियाणा का मुख्य सचिव नियुक्त किया था। उन्होंने अभी पदभार ग्रहण नहीं किया।

**********************************************************************

हरियाणा में आज कई जगह गोवर्धन पर्व मनाया गया। पानीपत से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रो इसराना, बवाना और लाखु में लोगों ने घर के आंगन में गोबर से गोवर्धन पर्वत का चित्र बनाकर दीपक जलाकर गोवर्धन पूजा की और भगवान श्री कृष्ण की स्तुति की। फरीदाबाद के तिकोना पार्क स्थित महारानी वैष्णो देवी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। मान्यता यह है कि ब्रजवासियों की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी दिव्य शक्ति से विशाल गोवर्धन पर्वत को छोटी उंगली में उठाकर हजारों जीव-जंतुओं और इंसानी जिंदगियों को भगवान इंद्र के कोप से बचाया था ।

**********************************************************************

हरियाणा पुलिस की राज्य अपराध शाखा ने फर्जी कंपनियां बना कर विदेशो में अवैध तरीके से काला धन भेजने के संगठित अपराध का पर्दाफाश किया है। इस मामले में अब तक सात आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है जबकि पांच अन्य आरोपियों के खिलाफ पूर्ण साक्ष्यों के साथ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया है ।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जांच में पाया गया कि आरोपियों द्वारा लगभग 700 करोड़ रुपए अवैध तरीके से विदेशी कंपनियों के खातों में भेजे गए हैं।उन्होंने बताया कि तीन आरोपी दिल्ली के रहने वाले है जबकि अन्य देहरादून, झज्जर, सोनीपत तथा फरीदाबाद से है। जांच के दौरान आरोपियों से बडे स्तर पर कंपनियों के फर्जी दस्तावेज, करीब 26 मोबाईल फोन, लैपटॉप, कंपनियों की मोहरें इत्यादि बरामद किए गए है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक आरोपी के खिलाफ इस प्रकरण के अलावा हत्या, गंभीर चोट इत्यादि के मुकदमे भी दर्ज है।

**********************************************************************

आज पानीपत में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।हमारे संवाददाता विनोद कुमार ने बताया है कि पानीपत के सभी सातों दिगंबर जैन मंदिरों में भगवान महावीर के मोक्ष कल्याणक की विशेष पूजा अर्चना की। निर्वाण महोत्सव के साथ-साथ जैन धर्म के वीर संवत 2550 का भी आज समापन हुआ। कल से वीर संवत 2551 की शुरुआत होगी। जैन धर्म में इसे नव वर्ष के रूप में मनाया जाता है।उल्लेखनीय है कि दीपावली के दिन भगवान महावीर को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी और तत्पश्चात संध्या की बेला में भगवान महावीर के प्रथम गणधर गौतम स्वामी जी को कैवल्य ज्ञान की प्राप्त हुआ था ।इसी लिए जैन समाज के द्वारा दीपावली का उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है।